आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक: 03 .07.2026 समय: 02.10PM

प्रधानमंत्री– दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल राजस्थान और गुजरात दौरे पर रहेंगे। राजस्थान में वे जोधपुर हवाई अड्डे की नई टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन और बालोतरा में एक लाख छह हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें पचपदरा में भारत के पहले ग्रीनफील्ड रिफाइनरी.कम.पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स का लोकापर्ण और 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण की आधारशिला रखना शामिल है। प्रधानमंत्री राजस्थान सरकार के विभिन्न विभागों में चयनित करीब 54 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपेंगे। शाम को वे गुजरात के साणंद में साढ़े सात हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित सेमीकंडक्टर असेंबली और टेस्टिंग सुविधा का उद्घाटन करेंगे।

पीएम अमरनाथ यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पावन अमरनाथ यात्रा के शुभारंभ पर समस्त शिवभक्तों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा कि बाबा बर्फानी के दिव्य दर्शन की यह यात्रा सभी के जीवन में सुख.समृद्धि, सौभाग्य और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए। श्री मोदी ने इस अवसर पर एक संस्कृत श्लोक भी साझा किया, जिसका अर्थ है कि जिन भगवान के स्वरूप को वाणी, बुद्धि और कठोर तपस्या से भी नहीं जाना जा सकता, वे केवल भक्तिभाव से प्राप्त होते हैं।

सीएम अमरनाथ यात्रा

वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबा बर्फानी आस्था, भक्ति और सनातन संस्कृति के गौरव के प्रतीक हैं। अमरनाथ यात्रा आज सुबह जम्मू.कश्मीर के पहलगाम और बालटाल मार्गों से शुरू हो गई है। श्रद्धालुओं का पहला जत्था अनंतनाग जिले के नुनवान और बालटाल बेस कैंप से पवित्र गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। 57 दिनों की यह पावन यात्रा 28 अगस्त को रक्षाबंधन के पर्व पर संपन्न होगी।

कर्नाटक हादसा

कर्नाटक के बेंगलुरु के मदापट्टना इलाके की ग्रेनाइट खदान में कल हुए हादसे में प्रदेश के अनूपपुर जिले के पांच मजदूरों सहित कुल सात लोगों की मौत हुई है, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने जांच के निर्देश दिए हैं और खदान मालिक ने मृतकों के परिजनों को दस.दस लाख तथा घायलों को पांच.पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने पर सहमति जताई है। प्रदेश के श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने भी घटना की जानकारी मांगी है और कर्नाटक प्रशासन से समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

शिवपुरी फैक्ट्री–शिलान्यास

शिवपुरी में 5 जुलाई को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया करीब 2500 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली ऑर्डिनेंस फैक्ट्री का शिलान्यास करेंगे। तैयारियों का जायजा लेने के लिए प्रदेश के ऊर्जा एवं जिला प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कल कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद प्रभारी मंत्री ने शहर का भ्रमण कर नागरिकों को पीले चावल भेंट करते हुए इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

पन्ना टाइगर–शावक

पन्ना टाइगर रिजर्व के धुंधुआ सेहा क्षेत्र में बाघिन पी.652 ने दो शावकों को जन्म दिया है। टाइगर रिजर्व के उप संचालक वीरेंद्र पटेल ने बताया कि दोनों शावकों की उम्र लगभग दस दिन है और मां व

शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं। वन विभाग की विशेष टीम हाथियों और आधुनिक तकनीक की मदद से चौबीसों घंटे उनकी निगरानी कर रही है।

मौसम का हाल

अब बात मौसम की। प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है। मानसून कल उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने आज खंडवा और हरदा के लिए इस मानसून सीजन का पहला रेड अलर्ट जारी किया है, जहां अगले चौबीस घंटों में चार से आठ इंच तक बारिश हो सकती है। धार, बड़वानी, खरगोन, देवास,बुरहानपुर और बैतूल में भी अति भारी बारिश की चेतावनी है। मौसम विभाग ने 6 जुलाई तक प्रदेश के कई हिस्सों में भारी से अति भारी बारिश का अनुमान जताया है।

संक्षिप्त समाचार :–

- भोपाल के जनजातीय संग्रहालय में आज से भील चित्रकार सुनीता परमार के चित्रों की 'शलाका' प्रदर्शनी शुरू।
- शिवपुरी के नरवर में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, छह स्थानों से 400 ट्रॉली अवैध रेत जब्त।
- बुरहानपुर में निमाड़ रेंज के डीआईजी ने ली अपराध समीक्षा बैठक; महिला अपराधों और साइबर क्राइम पर त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश।
- पन्ना जिले के अजयगढ़ थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो मासूम बच्चों सहित एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से झुलस गई।
- भारत और श्रीलंका के बीच पहला क्रिकेट टेस्ट मैच 15 अगस्त से गाल अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में और दूसरा टेस्ट 23 अगस्त से कोलंबो में खेला जाएगा।